| 10 | Chamoli | Karnaprayag | | | | | 19 | | | | | | 19 | | | | | | | | 19 | | | | | | | | | | | | 57 |
| | | Karnaprayag (PPP) | | | | | 5 | | | | | | 5 | | | | | | | | 5 | | | | | | | | | | | | 15 |
| | | Nandasain | | | | | | | | 20 | | | | | | 20 | | | | | | | | | | | | | | | | | 40 |
| | | Gopeshwar | | | | 16 | | | | | | | | | | | | | | | 19 | | 38 | | 16 | | | | | | | | 89 |
| | | Gopeshwar (PPP) | | | | 4 | | | | | | | | | | | | | | | 5 | | 10 | | 4 | | | | | | | | 23 |
| | | Tapovan | | | | 16 | | | | | | | 19 | | | | | | | | | | 19 | | | | | | | | | | 54 |
| | | Tapovan (PPP) | | | | 4 | | | | | | | 5 | | | | | | | | | | 5 | | | | | | | | | | 14 |
| | | Pokhari | | | | 20 | | | | 20 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 40 |
| | | Narayanbagar | | | | | 24 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 24 |

District wise ITI details of NCVT admission seats for 2020-21

| Serial No. | | | 11 | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Name of District | | | Pauri | | | | | | | | | | |
| Name of Government Industrial | | | Srinagar | Dugadda | Dugadda (PPP) | Lower Bazzar Srinagar | Lower Bazzar Srinagar (PPP) | Saldmahadev | Saldmahadev (PPP) | Pokhra | Kotdwar | Kotdwar (PPP) | Ekeshwar |
| 1 | 10th pass (M&S) | Draughtsman (Mechanical) | 20 | | | | | | | | | | |
| 2 | 10th pass (M&S) | Draughtsma (Civil) | 24 | 19 | 5 | | | 19 | 5 | 24 | | | |
| 3 | 10th pass | Surveyor | | | | | | | | | | | |
| 4 | 10th pass (M&S) | Electrician | 20 | 16 | 4 | | | 16 | 4 | 20 | | | |
| 5 | 10th pass (M&S) | Electronics mechanic | | 19 | 5 | | | | | | 19 | 5 | |
| 6 | 10th pass (M&S) | Refrigeration and Air-Conditioning Technician | | | | | | | | | | | |
| 7 | 10th pass (M&S) | Instrument Mechanic | | | | | | | | | | | |
| 8 | 10th pass (M&S) | Fitter | 40 | 16 | 4 | | | 16 | 4 | 20 | 16 | 4 | 20 |
| 9 | 10th pass (M&S) | Turner | 20 | | | | | | | | | | |
| 10 | 10th pass (M&S) | machinist | 20 | | | | | | | | | | |
| 11 | 10th pass (M&S) | Mechanic moror Vehicle | 24 | 19 | 5 | | | | | | | | |
| 12 | 8th pass | Wireman | 20 | 16 | 4 | | | 16 | 4 | | | | |
| 13 | 10th pass | Painter General | | | | | | | | | | | |
| 14 | 8th pass | Welder (Gas and Electric) | | | | | | 32 | 8 | | | | |
| 15 | 8th pass | Plumber | 24 | | | 19 | 5 | | | | | | |
| 16 | 8th pass | Carpenter | | | | | | | | | | | |
| 17 | 10th pass (M&S) | Mechanic Diseal | | | | | | | | | | | |
| 18 | 10th pass (M&S) | Mechanic Tractor | | | | | | | | | | | |
| 19 | 10th pass | Stenographer and secretrial assistant (Hindi) | 24 | 19 | 5 | 19 | 5 | | | | | | |
| 20 | 10th pass | Stenographer and secretrial assistant (English) | 24 | | | | | | | | | | |
| 21 | 10th pass | Computer Operator and Programming Assistant | | | | | | 19 | 5 | 24 | | | |
| 22 | 10th pass (M&S) | Information Communication Technology System Maintnence | | | | | | | | | | | |
| 23 | 8th pass | Sewing Technology | | | | 16 | 4 | | | | | | |
| 24 | 10th pass | Fashion Design Technology | | | | | | | | | | | |
| 25 | 10th pass | Cosmetology | | | | | | | | | | | |
| 26 | 10th pass | Mechanic Autobody Painting | | | | | | | | | | | |
| 27 | 10th pass (M&S) | Mechanic Autobody Repair | | | | | | | | | | | |
| 28 | 10th paas | Foundryman | | | | | | | | | | | |
| 29 | 10th pass (M&S) | Mechanic Consumer Electronics applinces | | | | | | | | | | | |
| 30 | 8th pass | Dress Making | | | | | | | | | | | |
| Total | | | 260 | 124 | 32 | 54 | 14 | 118 | 30 | 88 | 35 | 9 | 20 |

Trade Names

## District wise ITI details of NCVT admission seats for 2020-21

| Serial No. | Name of District | Name of Government Industrial | 1 Draughtsman (Mechanical) 10th pass (M&S) | 2 Draughtsma (Civil) 10th pass (M&S) | 3 Surveyor 10th pass | 4 Electrician 10th pass (M&S) | 5 Electronics mechanic 10th pass (M&S) | 6 Refrigeration and Air-Conditioning Technician 10th pass (M&S) | 7 Instrument Mechanic 10th pass (M&S) | 8 Fitter 10th pass (M&S) | 9 Turner 10th pass (M&S) | 10 machinist 10th pass (M&S) | 11 Mechanic moror Vehicle 10th pass (M&S) | 12 Wireman 8th pass | 13 Painter General 10th pass | 14 Welder (Gas and Electric) 8th pass | 15 Plumber 8th pass | 16 Carpenter 8th pass | 17 Mechanic Diseal 10th pass (M&S) | 18 Mechanic Tractor 10th pass (M&S) | 19 Stenographer and secretrial assistant (Hindi) 10th pass | 20 Stenographer and secretrial assistant (English) 10th pass | 21 Computer Operator and Programming Assistant 10th pass | 22 Information Communication Technology System Maintnence 10th pass (M&S) | 23 Sewing Technology 8th pass | 24 Fashion Design Technology 10th pass | 25 Cosmetology 10th pass | 26 Mechanic Autobody Painting 10th pass | 27 Mechanic Autobody Repair 10th pass (M&S) | 28 Foundryman 10th paas | 29 Mechanic Consumer Electronics applinces 10th pass (M&S) | 30 Dress Making 8th pass | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | Tehri | New Tehri | | | | 20 | 24 | | | 40 | 20 | | 24 | 20 | | 20 | | | | | 24 | | | | 20 | | | | | | | | 212 |
| | | Chamba | | | | 16 | 19 | | | 16 | | | | | | 32 | | | | | 19 | | 38 | | | | | | | | | | 140 |
| | | Chamba (PPP) | | | | 4 | 5 | | | 4 | | | | | | 8 | | | | | 5 | | 10 | | | | | | | | | | 36 |
| | | Chamba - 3rd Shift/Self Financed | | | | | | | | 20 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | Devprayag | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 24 | | | | 20 | | | | | | | | 44 |
| | | Bauradi | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 38 | | | | 19 | | | | | | 57 |
| | | Bauradi (PPP) | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 10 | | | | 5 | | | | | | 15 |
| | | Anjanisain | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 20 | | | | | | | | 20 |
| | | Thatyur | | | | 16 | | | | | | | | | | | | | | | 19 | | | | | | | | | | | | 35 |
| | | Thatyur (PPP) | | | | 4 | | | | | | | | | | | | | | | 5 | | | | | | | | | | | | 9 |
| | | Chamiyala | | | | 16 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 16 | | | | | | | | 32 |
| | | Chamiyala (PPP) | | | | 4 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 4 | | | | | | | | 8 |
| | | Rajakhet | | | | | | | | 20 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 20 |
| 13 | Uttarkashi | Barkot | | | | 16 | 19 | | | 32 | | | 19 | 16 | | 16 | | | | | 19 | | 19 | | 16 | | | | | | | | 172 |
| | | Barkot (PPP) | | | | 4 | 5 | | | 8 | | | 5 | 4 | | 4 | | | | | 5 | | 5 | | 4 | | | | | | | | 44 |
| | | Barkot - 3rd Shift/Self Financed | | | | 20 | | | | 20 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | Mori | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 20 | | | | | | | | 20 |
| | | Uttarkashi | | | | | 19 | | | 16 | | | | | | | | | | | | | | | 16 | | | | | | | | 51 |
| | | Uttarkashi (PPP) | | | | | 5 | | | 4 | | | | | | | | | | | | | | | 4 | | | | | | | | 13 |
| | | Chinyalisaur | | | | | | | | | | | 24 | | | | | | | | | | | | 20 | | | | | | | | 44 |
| | | Purola | | | | 20 | 24 | | | | | | 24 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 68 |
| | | Dunda | | | | 20 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 20 |
| | | | 120 | 240 | 24 | 1140 | 504 | 96 | 48 | 1140 | 180 | 160 | 408 | 320 | 80 | 780 | 144 | 24 | 24 | 20 | 672 | 96 | 600 | 120 | 740 | 140 | 96 | 20 | 20 | 24 | 24 | 40 | 7756 |

प्रसारित सीटों की संख्या में कमी / वृद्धि अथवा कम प्रवेश की स्थिति में व्यवसाय संचालन न किये जाने तथा ऐसे प्रवेश को निरस्त किये जाने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित रहेगा।

• **उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित व्यवसाय/प्रशिक्षण अवधि/न्यूनतम शैक्षिक योग्यता एवं व्यवसाय का संक्षिप्त परिचय** – व्यवसायवार निर्धारित शैक्षिक योग्यता वाला अभ्यर्थी ही ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने के योग्य है, अतः तद्नुसार ही ऑनलाईन आवेदन पत्र भरा जाना सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर यदि यह पाया जाता है कि अर्हता से इतर अभ्यर्थी द्वारा किसी व्यवसाय में आवेदन पत्र भरा गया हैं अथवा काउन्सिलिंग द्वारा उसे सीट आवंटन हुआ हैं तो बिना किसी नोटिस अथवा अग्रेत्तर कार्यवाही के उसका आवंटन अथवा प्रवेश स्वतः निरस्त माना जायेगा एवं इसके लिये अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। व्यवसाय में प्रवेश हेतु वांछित शैक्षिक अर्हता के व्यवसायवार विवरण निम्नवत् हैं, कृपया अभ्यर्थी उसका भली भांति अध्ययन कर लें व तद्नुसार ही कॉउन्सिलिंग में व्यवसायों का चयन करें।

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित व्यवसायों व न्यूनतम शैक्षिक अर्हता का विवरण

| क्र.सं. | व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षण अवधि | न्यूनतम शैक्षिक योग्यता | प्रशिक्षण उपरान्त कार्य क्षमता का संक्षिप्त परिचय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फिटर | दो वर्ष / 04 सेमेस्टर | (10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत विज्ञान एवं गणित विषय सहित हाई स्कूल उत्तीर्ण/समकक्ष | विभिन्न धातुओं के कल पुर्जों का निर्माण एवं उनकी फिटिंग करना, औजारों का सम्पूर्ण ज्ञान। |
| 2 | टर्नर | दो वर्ष / 04 सेमेस्टर | (10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत विज्ञान एवं गणित विषय सहित हाई स्कूल उत्तीर्ण/समकक्ष | खराद मशीनों द्वारा पुर्जों का निर्माण, चूड़ी बनाना, धातुओं को आवश्यकतानुसार खराद कर गोल आकार देने का कार्य। |
| 3 | मशीनिष्ट | दो वर्ष / 04 सेमेस्टर | (10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत विज्ञान एवं गणित विषय सहित हाई स्कूल उत्तीर्ण/समकक्ष | विभिन्न प्रकार की मशीनों का कार्य करके विभिन्न प्रकार के गेयर, फिटिंग, चाबी धाट काटने सम्बन्धी कार्य। |
| 4 | इलैक्ट्रीशियन | दो वर्ष / 04 सेमेस्टर | (10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत विज्ञान एवं गणित विषय सहित हाई स्कूल उत्तीर्ण/समकक्ष | विद्युत सम्बन्धी कल पुर्जों का ज्ञान मरम्मत, रखरखाव एवं मोटर वाईंडिंग आदि सम्बन्धी ज्ञान। |
| 5 | इन्स्टूमेन्ट मैकेनिक | दो वर्ष / 04 सेमेस्टर | (10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत विज्ञान एवं गणित विषय सहित हाई स्कूल उत्तीर्ण/समकक्ष | समस्त विद्युतीय,चुम्बकीय,वायु तापमापी, वायु दाब और सूक्ष्म मापी यन्त्र का ज्ञान/मरम्मत करना। |
| 6 | रेफ्रीजरेशन एण्ड एयर कण्डीशनिंग टैक्नीशियन | दो वर्ष / 04 सेमेस्टर | (10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत विज्ञान एवं गणित विषय सहित हाई स्कूल उत्तीर्ण/समकक्ष | रेफ्रीजरेटर एयर कण्डीशनर आदि का ज्ञान/मरम्मत तथा स्थापित करना एवं चलाना। |
| 7 | ड्राफ्ट्समैन मैकेनिकल | दो वर्ष / 04 सेमेस्टर | (10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत विज्ञान एवं गणित विषय सहित हाई स्कूल उत्तीर्ण/समकक्ष | यांत्रिक पुर्जों तथा मशीनों का आकार, नाप ड्राईंग शीट पर बनाना तथा ब्लू प्रिंट निकालना, Computer Aided design (CAD) के माध्यम से डिजाईनिंग। |
| 8 | ड्राफ्ट्समैन सिविल | दो वर्ष / 04 सेमेस्टर | (10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत विज्ञान एवं गणित विषय सहित हाई स्कूल उत्तीर्ण/समकक्ष | भवन, पुल आदि का आकार नाप ड्राईंग शीट पर बनाना तथा ब्लू प्रिंट निकालना, Computer Aided design (CAD) के माध्यम से डिजाईनिंग। |
| 9 | इलैक्ट्रानिक्स मैकेनिक | दो वर्ष / 04 सेमेस्टर | ((10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत विज्ञान एवं गणित विषय सहित हाई स्कूल उत्तीर्ण/समकक्ष | इलैक्ट्रानिक्स पुर्जों, उपकरणों जैसे टीवी वी.सी. आर. सामान्य इलैक्ट्रानिक्स उपकरण आदि की मरम्मत करना। |

| क्र.सं. | व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षण अवधि | न्यूनतम शैक्षिक योग्यता | प्रशिक्षण उपरान्त कार्य क्षमता का संक्षिप्त परिचय |
|---|---|---|---|---|
| 10 | वायरमैन | दो वर्ष / 04 सेमेस्टर | आठवीं पास | घरेलू एवं औद्योगिक भवनों की वायरिंग, विद्युत लाईन खींचना,उत्पन्न खराबी ठीक करना। |
| 11 | मैकेनिक मोटर व्हीकल | दो वर्ष / 04 सेमेस्टर | (10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत विज्ञान एवं गणित विषय सहित हाई स्कूल उत्तीर्ण/समकक्ष | डीजल, पेट्रोल से चलने वाली छोटी एवं बड़ी गाड़ियों की मरम्मत, पुर्जों का ज्ञान एवं गाड़ियों का चलाना। |
| 12 | पेन्टर जनरल | दो वर्ष / 04 सेमेस्टर | (10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत हाईस्कूल उत्तीर्ण/समकक्ष | सम्पूर्ण पेन्टिग का कार्य जैसे फर्नीचर, व्हीकल, पर लिखावट, रंग द्वारा सजावट का कार्य करना। |
| 13 | इन्फारमेशन कम्युनिकेशन टेक्नोलाजी सिस्टम मेन्टीनेन्स | दो वर्ष / 04 सेमेस्टर | (10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत विज्ञान एवं गणित विषय सहित हाई स्कूल उत्तीर्ण/समकक्ष | कम्प्यूटर सम्बन्धी जानकारी उसका रखरखाव एवं सूचना सम्बन्धी नई पद्धति की जानकारी आदि। |
| 14 | लेब्रोट्री एसिस्टेंट केमिकल प्लांट | दो वर्ष / 04 सेमेस्टर | (10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत गणित व विज्ञान बिषय सहित हाईस्कूल उत्तीर्ण/समकक्ष | औद्योगिक इकाईयो में कैमिकल प्लांट सम्बन्धी कार्य। |
| 15 | मै0 कन्ज्यूमर इलैक्ट्रिानिक्स एप्लांइसेन्स | दो वर्ष / 04 सेमेस्टर | 10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत गणित व विज्ञान बिषय सहित हाईस्कूल उत्तीर्ण/समकक्ष | घरेलू एवं व्यावसायिक इलैक्ट्रिानिक उपकरणों के मरम्मत सम्बन्धी कार्य। |
| 16 | वैल्डर (गैस एण्ड इलै.) | एक वर्ष / 02 सेमेस्टर | आठवीं पास | धातु के बने हुये पुर्जों एवं अन्य सामग्री जैसे ग्रिल आदि को गैस एवं विद्युत वैल्डिंग द्वारा जोड़कर बनाना। |
| 17 | कारपेन्टर | एक वर्ष / 02 सेमेस्टर | आठवीं पास | लकड़ी का फर्नीचर घरेलू सामान आदि का निमार्ण करना एवं पालिश करना। |
| 18 | सर्वेयर | दो वर्ष / 04 सेमेस्टर | (10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत हाईस्कूल उत्तीर्ण/समकक्ष | भूमि की ऊपरी सतह, भीतरी भाग का सर्वेक्षण, निरीक्षण, सड़क, रेलवे ट्रैक, हवाई पट्टी आदि का सर्वेक्षण करना। |
| 19 | मैकेनिक डीजल | एक वर्ष / 02 सेमेस्टर | (10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत विज्ञान एवं गणित विषय सहित हाई स्कूल उत्तीर्ण/समकक्ष | डीजल ईंजन को चलाने व मरम्मत करने सम्बन्धी ज्ञान । |
| 20 | सैनटरी हार्डवेयर फिटर (प्लम्बर) | एक वर्ष / 02 सेमेस्टर | आठवीं पास | पानी की लाईन ,टोंटी, टंकी, वाल्ब आदि की मरमत एवं सैनेटरी फिटिंग का कार्य |
| 21 | मैकेनिक ट्रैक्टर | एक वर्ष / 02 सेमेस्टर | (10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत विज्ञान एवं गणित विषय सहित हाई स्कूल उत्तीर्ण/समकक्ष | ट्रैक्टर की मरम्मत एवं उसके सम्बन्ध में सम्पूर्ण ज्ञान प्राप्त करना, उसका रखरखाव एवं चलाना। |
| 22 | फाउण्ड्रीमैन | एक वर्ष / 02 सेमेस्टर | (10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत हाई स्कूल उत्तीर्ण/समकक्ष | बने हुये सॉचों के अनुरूप पिघली धातु से पुर्जों की ढलाई करना । |
| 23 | मेकैनिक ऑटो बॉडी रिपेयर | एक वर्ष / 02 सेमेस्टर | (10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत विज्ञान एवं गणित विषय सहित हाई स्कूल उत्तीर्ण/समकक्ष | वाहनों की बॉडी की डेन्टिंग एवं अन्य मरम्मत सम्बन्धी कार्य करना। |
| 24 | मेकैनिक ऑटो बॉडी पेन्टिंग | एक वर्ष / 02 सेमेस्टर | (10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत हाई स्कूल उत्तीर्ण/समकक्ष | वाहनों की बॉडी पेन्टिंग सम्बन्धी कार्य। |
| 25 | स्वीईंग टेक्नोलोजी | एक वर्ष / 02 सेमेस्टर | आठवीं पास | कपड़े की कटिंग करके सिलाई मशीन द्वारा सिलाई करके गारमेन्ट्स तैयार करना। |
| 26 | सरफेस आरनामेन्ट टेक्निक (इम्ब्राईडरी) | एक वर्ष / 02 सेमेस्टर | आठवीं पास | कपड़े पर रंगीन धागों से सुन्दर–सुन्दर डिजाईनों की कढ़ाई करना । |

| क्र.सं. | व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षण अवधि | न्यूनतम शैक्षिक योग्यता | प्रशिक्षण उपरान्त कार्य क्षमता का संक्षिप्त परिचय |
|---|---|---|---|---|
| 27 | कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेन्ट | एक वर्ष / 02 सेमेस्टर | (10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत हाई स्कूल उत्तीर्ण / समकक्ष | कम्प्यूटर आपरेटर, डाटा इन्ट्री प्रोग्रामिंग तथा एप्लीकेशन पैकेजेज को चलाने का ज्ञान। |
| 28 | स्टेनोग्राफर एण्ड सेकेट्रीयल असिस्टैन्ट हिन्दी | एक वर्ष / 02 सेमेस्टर | (10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत हाई स्कूल उत्तीर्ण / समकक्ष | हिन्दी भाषा का सांकेतिक भाषा (आशुलिपि हिन्दी) में लिखना और उसे कम्प्यूटर एप्लिकेशन का प्रयोग कर कम्प्यूटर पर टंकण करना। |
| 29 | स्टेनोग्राफर एण्ड सेकेट्रीयल असिस्टैन्ट अंग्रेजी | एक वर्ष / 02 सेमेस्टर | (10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत हाई स्कूल उत्तीर्ण / समकक्ष | अंग्रेजी भाषा का सांकेतिक भाषा में लिखना और उसे कम्प्यूटर एप्लिकेशन का प्रयोग कर कम्प्यूटर पर टंकण करना। |
| 30 | सेकेट्रियल प्रैक्टिस अंग्रेजी | एक वर्ष / 02 सेमेस्टर | (10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत हाई स्कूल उत्तीर्ण / समकक्ष | कार्यालय पद्धति का ज्ञान दिया जाता है। जिसके साथ आशुलेखन तथा टंकण का कार्य भी सिखाया जाता हैं |
| 31 | कॉस्मोटोलॉजी | एक वर्ष / 02 सेमेस्टर | (10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत हाई स्कूल उत्तीर्ण / समकक्ष | ब्यूटीशियन, ब्राइडल मेकअप, हेयर स्टाइल आदि सम्बन्धी कार्य। |
| 32 | फैशन डिजाइन टैक्नोलॉजी | एक वर्ष / 02 सेमेस्टर | (10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत हाई स्कूल उत्तीर्ण / समकक्ष | आधुनिक प्रकार के परिधानों की स्केचिंग कर डिजाइन करना। |
| 33 | हयूमन रिर्सोसेज एक्जीक्यूटिव | एक वर्ष / 02 सेमेस्टर | (10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत हाई स्कूल उत्तीर्ण / समकक्ष | विभिन्न संस्थानों में मानव संसाधनों की पूर्ति हेतु सहयोग प्रदान करना। |
| 34 | हॉस्पिटल हाउस कीपिंग | एक वर्ष / 02 सेमेस्टर | (10+2) शिक्षा प्रणाली के अर्न्तगत हाई स्कूल उत्तीर्ण / समकक्ष | हॉस्पिटल के रख–रखाव के सम्बन्ध में जानक. ारी आदि। |
| 35 | ड्रेस मेकिंग | एक वर्ष / 02 सेमेस्टर | आठवीं पास | आधुनिक प्रकार के परिधानों तैयार करना। |

उपरोक्तानुसार व्यवसायवार दर्शायी गयी न्यूनतम शैक्षिक योग्यता डी0जी0टी0 भारत सरकार द्वारा व्यवसाय विशेष के लिए निर्धारित की गयी है। ऑनलाइन पोर्टल पर अभ्यर्थी को वे ही व्यवसाय प्रदर्शित होंगे जिनमें प्रवेश पाने की न्यूनतम अर्हकारी शैक्षिक योग्यता उसके पास होगी इसलिए कॉउन्सिलिंग में शैक्षिक योग्यता का कॉलम भली प्रकार देखकर भरें। यदि अभ्यर्थी एक से अधिक कालम की शैक्षिक योग्यता रखते हैं, तो तद्नुसार भरें। कॉउन्सिलिंग हेतु प्रवीणता सूची के निर्माण के लिये आवेदन पत्र में दर्शाये गये सभी कॉलम में नाम आदि की सही सूचना के साथ न्यूनतम शैक्षिक अर्हता के पूर्णाक / प्राप्तांक का विवरण त्रुटिरहित रूप से भरें तथा पुष्टि के रूप में सम्बन्धित परीक्षा के अंक पत्र की छायाप्रति ऑनलाईन आवेदन पत्र के साथ अपलोड करें। प्रवेश के समय प्रवेशित संस्थान द्वारा उक्त अभिलेखों का सत्यापन किया जायेगा, भिन्नता की स्थिति में प्रवेश स्वतः ही निरस्त माना जायेगा एवं सम्बन्धित सीट अगली काउन्सिलिंग हेतु गणना में सम्मिलित कर ली जायेगी।

शासनादेश के अनुसार हिन्दी साहित्य सम्मेलन, इलाहाबाद से उत्तीर्ण अभ्यर्थी राजकीय आई0टी0आई0 में चयन हेतु पात्र नहीं है। उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर से हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकता है, परन्तु यदि कोई अभ्यर्थी समकक्ष परीक्षा के आधार पर चयन हेतु आवेदन करता है तो उसे उसके द्वारा उत्तीर्ण परीक्षा को उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर के समकक्ष होने का प्रमाण पत्र संबधित जिले के मुख्य शिक्षा अधिकारी / जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक अथवा उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर के सक्षम अधिकारी से स्वयं प्राप्त कर चयनित राजकीय आई0टी0आई0 में देना आवश्यक होगा, इसके अभाव में अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

**स्वास्थ्यः–** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चल रहे व्यवसायों में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को मानसिक तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए तथा शरीर में कोई ऐसी कमी नहीं होनी चाहिए जिसके फलस्वरूप वह अपने व्यवसाय की कार्यदक्षता को सम्पन्न न कर सके। दिव्यांग एवं अक्षम अभ्यर्थियों हेतु सम्पूर्ण प्रवेश क्षमता का 4 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण अनुमन्य है। इस श्रेणी में केवल ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी पात्र होंगे जिनकी अक्षमता 40 प्रतिशत अथवा उससे अधिक हो। प्रवेश के समय अपने जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी से प्रमाण पत्र जिसमें यह प्रमाणित हो कि अभ्यर्थी कम से कम 40 प्रतिशत दिव्यांग है एवं दिव्यांगता की सुविधा प्राप्त करने का अधिकारी है, प्रस्तुत करना होगा। संस्थान में ऐसे अभ्यर्थी के प्रवेश से पूर्व पाठ्यक्रम विशेष हेतु अभ्यर्थी की उपयुक्तता का आंकलन संस्थान स्तर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ द्वारा किया जायेगा। प्रत्येक नेत्र का बिना चश्में या चश्मे के साथ दिन के प्रकाश में परीक्षण किये जाने पर उसमें किसी प्रकार का दोष नहीं होना चाहिए। आंखों की रोशनी दोनों आंखों में 6/18 या एक आंख में 6/24 बिना चश्में के होना चाहिए। एक आंख वाले अभ्यर्थी जो कलर ब्लाइन्डनेस दोष से मुक्त हो, भी चयन के पात्र है।

**प्रवेश हेतु आरक्षण की व्यवस्था–** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतुआरक्षण उत्तराखण्ड शासन के शासनादेशों के अधीन निम्नवत् निर्धारित है–

### ऊर्ध्वाधर आरक्षण (Vertical Reservation)

| क0सं0 | आरक्षित वर्ग | अनुमन्य आरक्षण | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिये | 19% | व्यवसायवार समस्त प्रवेश सीटों का |
| 2 | अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिये | 4% | व्यवसायवार समस्त प्रवेश सीटों का |
| 3 | अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये | 14% | व्यवसायवार समस्त प्रवेश सीटों का |
| 4 | ई.डब्ल्यू.एस | 10% | व्यवसायवार समस्त प्रवेश सीटों का |

### क्षैतिज आरक्षण (Horizontal Reservation)

| क0सं0 | आरक्षित वर्ग | अनुमन्य आरक्षण | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | स्व.सं. सैनानी आश्रितों के अभ्यर्थियों के लिये | 2% | व्यवसायवार समस्त प्रवेश सीटों का |
| 2 | भू0पू0सैनिकों/अपंग/मृतक सैनिकों के आश्रित | 5% | व्यवसायवार समस्त प्रवेश सीटों का |
| 3 | विकलांग अभ्यर्थियों के लिये | 4% | व्यवसायवार समस्त प्रवेश सीटों का |
| 4 | महिला अभ्यर्थियों के लिये | 30% | व्यवसायवार समस्त प्रवेश सीटों का |

इस सम्बन्ध में यह भी अवगत कराना है कि उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश 65(1)/XXX(2)/2019–53 (01)2001 दिनाँक 22–02–2019 द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण अनुमन्य किया गया है। प्रत्येक आरक्षण वर्ग के सापेक्ष शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप पर वैध प्रमाणपत्र को ऑनलाईन आवेदन के समय अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा।

## मैरिट लिस्ट तैयार की जानी तथा प्रकाशन की प्रक्रिया

ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि तक आवेदित समस्त अभ्यर्थियों की राज्य स्तरीय मैरिट सूची का प्रकाशन ऑनलाईन पोर्टल पर किया जायेगा।

मैरिट सूची अभ्यर्थी द्वारा 8वीं/माध्यमिक परीक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों के प्रतिशत के आधार पर अलग–अलग बनाई जायेगी। उत्तराखण्ड माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से उत्तीर्ण शैक्षिक अर्हता वाले आवेदनकर्ताओं को तीन प्रतिशतांक वरीयता अंक पृथक से आवंटित किये जायेगें एवं तद्नुसार प्रवीणता सूची तैयार की जायेगी।

जिस अभ्यर्थी ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अथवा किसी अन्य समकक्ष बोर्ड से दसवीं परीक्षा पास की है, उसकी अंकतालिका में अंकित सभी विषयों के योग के प्रतिशत के आधार पर योग्यता क्रमांक निर्धारित किया जायेगा, जिनमें पूर्णांक तथा प्राप्तांक स्पष्ट रूप से अंक पत्र में अंकित किया गया हो। छः विषयो के अतिरिक्त वैकल्पिक विषयों को गणना में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। समतुल्य ऐसे बोर्ड, जहॉ प्रतिशतांक के स्थान पर ग्रेड/सीजीपीए द्वारा अंक पत्र निर्गत किये जाते हैं, वहां सम्बन्धित बोर्ड द्वारा निर्धारित गुणांक से प्रतिशतांक की गणना की जायेगी।

एक समान प्रतिशतांक वाले आवेदनकर्ताओं में जन्मतिथि के आधार पर वरिष्ठ को प्राथमिकता दी जायेगी। यदि जन्मतिथि भी समान हो तो क्रमशः गणित, विज्ञान के अंक प्रतिशत को मानते हुए उसी क्रम में अधिक अंक वाले को प्राथमिकता दी जायेगी तथा उक्त के भी समान रहने की स्थिति में अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार अभ्यर्थी के नाम के पहले वर्ण (लैटर) के आधार पर की जायेगी।

## ऑनलाइन कॉउन्सिलिंग

व्यवसायवार न्यूनतम शैक्षिक अर्हता के आधार पर पृथक–पृथक राज्य स्तरीय प्रकाशित मैरिट सूची के अनुसार ऑनलाईन कॉउन्सिलिंग की प्रक्रिया सम्पादित की जायेगी। समस्त अभ्यर्थियों के लिये संस्थान एवं व्यवसाय का आवंटन उनके द्वारा भरे गये विकल्प पत्र में अभ्यर्थी द्वारा भरे गये विकल्पों की वरीयता के क्रम में योग्यता क्रमांक एवं संस्थानों में श्रेणीवार उपलब्ध स्थानों के आधार पर कम्प्यूटर द्वारा किया जायेगा।

**(क) प्रथम कॉउन्सिलिंग में आवंटित सीट की रिपोर्टिंग करने की प्रक्रिया :–** प्रथम कॉउन्सिलिंग हेतु अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन के समय ही वरीयता क्रम में वांछित विकल्पों को लॉक करेगें एवं मैरिट/रैंक के अनुसार वे अभ्यर्थी जिन्हें संस्थान एवं व्यवसाय का आवंटन होता है, वे आवंटित संस्थान में निर्धारित अवधि में उपस्थित होकर ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिन्ट, रैंक कार्ड, एलॉटमैंट लेटर के साथ समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रति की जांच करवायेंगे। साथ ही उसे मूल प्रमाण पत्रों की 1–1 स्वप्रमाणित फोटो प्रति व प्रवेश हेतु राज्य सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क आवंटित संस्थान में जमा करवाना होगा। रिपोर्टिंग के समय अभ्यर्थी के समस्त मूल प्रमाण पत्र संस्थान में जमा कर लिये जायेंगे। ये मूल प्रमाण पत्र का **DGT** के **NCVT MIS PORTAL** पर रजिस्ट्रेशन के पश्चात् सम्बन्धित संस्थान द्वारा लौटा दिये जायेंगे। निर्धारित अवधि में रिपोर्ट नहीं करने पर अभ्यर्थी का प्रवेश स्वतः ही रद्द हो जायेगा एवं उस स्थान को प्रवेश प्रक्रिया के आगामी चरणों के लिए रिक्त स्थानों में सम्मिलित कर लिया जायेगा।

**(ख) द्वितीय /अग्रेत्तर कॉउन्सिलिंग :–** प्रथम कॉउन्सिलिंग के पश्चात् रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु द्वितीय/अग्रेत्तर

कॉउन्सिलिंग हेतु पृथक से सूचित किया जायेगा।

**प्रशिक्षण शुल्क** – प्रवेशित प्रशिक्षार्थियों से राज्य सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क लिया जायेगा। वर्तमान प्रशिक्षण शुल्क में परिवर्तन की स्थिति में समस्त प्रवेशित अभ्यर्थियों द्वारा ऐसी शुल्क वृद्धि लागू किये जाने की तिथि से मान्य होगी।

**प्रशिक्षण हेतु कच्चेमाल की आपूर्ति** – राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण के समय कच्चे माल की आपूर्ति संस्थान द्वारा निःशुल्क प्रदत्त की जाती है।

## अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा (All India Trade Test)

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षार्थियों हेतु परीक्षा वार्षिक आधार पर होती है अर्थात एक वर्षीय व्यवसायों की परीक्षा एक बार तथा द्विवर्षीय व्यवसायों हेतु 02 बार अखिल भारतीय स्तर पर परीक्षा आयोजित होती है। उक्त परीक्षा में उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों को भारत सरकार द्वारा **NCVET** अंकपत्र व प्रमाण पत्र प्रदत्त किया जाता है। सत्र 2014 से भारत सरकार द्वारा **e-marksheet** एवं **e-certificate** उपलब्ध कराये जा रहे हैं जो कि परीक्षा सम्पादित होने पर काफी कम समय में पोर्टल पर उपलब्ध हो जाते है तथा उनका सत्यापन भी पोर्टल के माध्यम से ही किया जा सकता है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षार्थियों की यह एक ऐसी परीक्षा है जो पूरे देश में एक ही साथ, एक ही समय पर, एक जैसे पाठ्यचर्या पर आधारित प्रश्न–पत्र पर आयोजित होती है। प्रशिक्षार्थियों की उत्तर–पुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रशिक्षण महानिदेशालय भारत सरकार नई दिल्ली स्तर से होता है।

## संस्थानों में न्यूनतम उपस्थिति की अनिवार्यता

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रशिक्षार्थियों हेतु वार्षिक अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा में सम्मिलित होने तथा उत्तीर्ण होने की स्थिति में राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये न्यूनतम 80 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। न्यूनतम उपस्थिति के अभाव में प्रशिक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेगें। यदि को. ई प्रशिक्षार्थी बिना किसी सूचना के लगातार 10 दिन तक अनुपस्थित रहता है तो उसके नाम एक चेतावनी पत्र देने के उपरांत अनुपस्थिति के संतोषजनक कारण सहित संस्थान में उपस्थित न होने पर संस्थान से नामपृथक कर दिया जायेगा। प्रशिक्षार्थियो को प्रशिक्षण अवधि में वार्षिक रूप से 12 दिन का आकस्मिक अवकाश जो कि एक बार में 10 दिन से अधिक न हो, पंजीकृत मैडिकल डॉक्टर से संस्तुति के आधार पर किसी बीमारी हेतु 15 दिन का मैडिकल जो कि एक वर्ष के कोर्स के लिये 03 सप्ताह व दो वर्ष के कोर्स के लिये 06 सप्ताह तक संस्थान के प्रमुख द्वारा स्वविवेकानुसार अतिरिक्त रूप से स्वीकृत किया जा सकता है एवं 10 दिन का विशेष आकस्मिक अवकाश जो कि 15 दिन तक अतिरिक्त रूप से स्वीकृत किया जा सकता हैं अनुमन्य होगा। विशेष अवकाश की अवधि में छात्रवृत्ति अनुमन्य नही होगी।

## शिशिक्षु प्रशिक्षण (Apprenticeship Training)

आई0टी0आई0 उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थी विभिन्न राजकीय एवं निजी प्रतिष्ठानों में शिशिक्षु प्रशिक्षण **(Apprenticeship)** भी प्राप्त कर सकते हैं। जिस हेतु भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय **(Ministry of Skill Development and Entrepreneurship)** नई दिल्ली द्वारा शिशिक्षु अधिनियम–1961 अधिसूचित किया गया है। अधिनियम के अर्न्तगत ऐसे अधिष्ठान जहाँ पर 40 से अधिक कार्मिक कार्यरत हैं ऐसे अधिष्ठानों को उनकी कुल कार्मिक क्षमता का 2.5 प्रतिशत से 10

प्रतिशत का शिशिक्षु प्रशिक्षण प्रदान करना अनिवार्य है। इस हेतु प्रशिक्षार्थी भारत सरकार के अप्रेन्टिसशिप पोर्टल **www.apprenticeshipindia.org** पर सीधे **online** आवेदन कर सकता है।

इस प्रशिक्षण से जहाँ एक ओर अभ्यर्थी को प्रशिक्षण की अवधि में राज्य सरकार द्वारा अर्द्ध कुशल कार्मिक हेतु नियोजित न्यूनतम वेतन का एक वर्षीय व्यवसायों हेतु 80 प्रतिशत तथा द्विवर्षीय व्यवसायों हेतु 90 प्रतिशत छात्रवृत्तिका के रूप में प्राप्त होती है वहीं दूसरी ओर उसके कौशल विकास, औद्योगिक वातावरण में कार्य करने की क्षमता तथा आधुनिकतम तकनीकी की जानकारी जैसे क्रियाकलापों का विकास होता है।

इस योजना में समस्त **NCVET** मान्य व्यवसायों के प्रशिक्षण में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को भारत सरकार के मानक के अनुरूप प्रशिक्षण अवधि में छूट भी प्रदान की जाती है। इस प्रकार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को एक या दो वर्ष का शिशिक्षु प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु नियोजित कराया जाता है। जिससे वह उद्योगों की आवश्यकतानुसार वास्तविक प्रशिक्षण प्राप्त कर कुशल शिल्पकार बन सकता है।

इस प्रशिक्षण की समाप्ति पर भारत सरकार द्वारा अखिल भारतीय शिशिक्षु परीक्षा **(All India Apprenticeship Trade Test)** आयोजित की जाती है एवं उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों को राष्ट्रीय शिशिक्षुता प्रमाण पत्र **(National Apprenticeship Certificate)** प्रदान किया जाता है। उक्त दोनों व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं शिशिक्षु प्रशिक्षण योजना के अर्न्तगत प्रशिक्षित प्रशिक्षार्थी निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों में सेवायोजन के साथ स्वतः रोजगार के लिए भी सक्षम हो जाता है।

## कैरियर उन्नयन (Career Progression) के अवसर

### आई0टी0आई0 के साथ–साथ शैक्षिक योग्यता में भी वृद्धि के अवसरः

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षार्थियों की शैक्षिक योग्यता को बढ़ाने के लिए **National Institute of Open Schooling (NIOS)** अवसर प्रदान करता है। आई0टी0आई0 के अध्ययनरत् प्रशिक्षार्थी सैकण्डरी व सीनियर सैकण्डरी करने के अवसर का लाभ उठा सकते है एवं समय बचा सकते है। आई0टी0आई0 के अध्ययनरत् अभ्यर्थी जो आठवीं पास है वे दसवीं की परीक्षा दे सकते है तथा जो 10वीं पास है वे 12वीं की परीक्षा दे सकते है जिसके आवेदन पत्र ऑनलाईन भरे जाने होते है। अभ्यर्थी एक भाषा व एक विषय अपनी सुविधानुसार चयन कर सकते है एवं 3 विषय आई0टी0आई0 के क्रेडिट किये जाते है। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान नोएडा द्वारा वर्ष में दो बार परीक्षा का आयोजन किया जाता है। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, **(NIOS)** नोएडा के वेबसाइट **www.nios.ac.nic** पर यह सुविधा उपलब्ध है। जिससे प्रशिक्षार्थी आई0टी0आई0 में प्रशिक्षण प्राप्त करते–करते ही अपनी शैक्षिक योग्यता में भी वृद्धि कर सकता है।

### प्रशिक्षण पूर्ण करने पर पॉलीटेक्निक में सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश के अवसरः

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से उत्तीर्ण अभ्यर्थी लेटरल एन्ट्री परीक्षा के माध्यम से द्वितीय वर्ष में पॉलीटेक्निक में प्रवेश ले सकता है और पॉलीटेक्निक उत्तीर्ण करने के उपरान्त इंजीनियरिंग संस्थानों में भी सीधे बी0टैक0 के द्वितीय वर्ष में प्रवेश लेकर उच्च तकनीकी शिक्षा भी प्राप्त कर अच्छा रोजगार प्राप्त कर अपने भविष्य में उत्तरोत्तर गुणात्मक सुधार ला सकता है।

**प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरान्त Craftsman Instructor Training Scheme (CITS) कर आई0टी0आई0 में अनुदेशक के पद पर नियुक्त होने के अवसर**

आई0टी0आई0 उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थी एक वर्षीय सीआईटीएस प्रशिक्षण भी प्राप्त कर सकते है। सी0आई0टी0एस0 प्रशिक्षण की सुविधा भिन्न–भिन्न व्यवसायों में देश के विभिन्न शहरों में जैसे– देहरादून, हल्द्वानी, दिल्ली, लुधियाना, कानपुर, कोलकाता, मुम्बई, हेदराबाद, चैन्नई, जोधपुर, कालीकट आदि में उपलब्ध है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अनुदेशक पद पर नौकरी पाने के लिए शैक्षिक, व्यावसायिक व अनुभव के साथ–साथ सी0आई0टी0एस0 प्रशिक्षण भी अनिवार्य होता है।

**• रोजगार के अवसर**

(1) आईटीआई से प्रशिक्षण/शिशिक्षु प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षार्थी देश–विदेश के विभिन्न सरकारी/अर्द्धसरकारी विभागों जैसे रेलवे, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन, जल संस्थान, जल निगम, लघु जल विद्युत परियोजना, एनएचपीसी, बीएचईएल, उत्तराखण्ड सड़क परिवहन निगम, ओ0एन0जी0सी0 आदि विभागों में रोजगार पाने के लिए अर्ह होते हैं। नॉन इंजीनियरिंग व्यवसायों जैसे स्टेनोग्राफर एण्ड सेक्रेट्रीयल असिस्टेन्ट, कोपा आदि व्यवसायों के प्रशिक्षार्थियों के लिए भी सरकारी/गैर सरकारी/निजी क्षेत्रों में रोजगार के कई सुअवसर उपलब्ध होते हैं। जिस हेतु भारत सरकार द्वारा मुद्रा योजना एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत ऋण प्राप्त करने में भी **NTC** प्राप्त अभ्यर्थियों, महिलाओं को स्वावलम्बी बनाये जाने के उद्देश्य से सुविधा होती है। महिलाओं को ध्यान में रखते हुए उनके लिए विशेषतः फैशन डिजाईन टैक्नोलॉजी, बैसिक कॉस्मोटालॉजी, स्वीईंग टैक्नोलॉजी, ड्रैस मेकिंग, कोपा आदि जैसे व्यवसाय सार्थक सिद्ध हो रहे है।

(2) आई0टी0आई0 उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों के लिए सरकारी क्षेत्र के साथ–साथ देश में स्थापित विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों के साथ–साथ निजी क्षेत्र की कई बहुराष्ट्रीय कम्पिनयों में रोजगार के अपार अवसर उपलब्ध है। जैसे– मारूति सुजूकी इण्डिया लि0, मै0 टाटा मोटर्स, मै0 अशोक लीलैण्ड, मै0 हीरो मोटो, मै0 महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा, होण्डा, जे0सी0बी0, वॉल्वो, हिन्दुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, आई0टी0सी0लि0, मै0 इण्डिया ग्लाइकोल्स, मै0 जैक्वार, एचएमटी आदि।

**• स्वतः रोजगार के अवसर**

आई0टी0आई0 उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थी अपने कौशल विकास के जरिये विभिन्न क्षेत्रों जैसे विद्युतकार, प्लम्बिंग ऑटोमोबाईल, कम्प्यूटर ऑपरेटर, कारपेन्टर, पेन्टर, ऑटो बॉडी पेन्टिंग, ऑटो बॉडी रिपेयर, रेफ्रीजरेशन, स्वीईग, ब्यूटीशियन आदि में अपना स्वयं का उद्यम प्रारम्भ कर स्वतः रोजगार प्राप्त कर सकते है। सफल उद्यमी जहाँ एक ओर स्वतः रोजगार अपनाकर अपना सफल जीवन निर्वाह करने के साथ–साथ दूसरों को भी रोजगार प्रदान कर उनके जीविकोपार्जन में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। वर्तमान में कई आई0टी0आई0 उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थी स्वतः रोजगार के जरिए देश–विदेश में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रहे है।

**अभ्यर्थियों के लिये अन्य जानकारी :–**

स्किलिंग, शिशिक्षु प्रशिक्षण तथा व्यवसायिक प्रशिक्षण में रूचि रखने वाले अभ्यर्थी निम्न वेवसाइट अथवा ऐप से जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हो सकते है।

1. www.uksdm.org
2. www.vpputtarakhand.in
3. https://www.bharatskills.gov.in
4. www.dget.nic.in
5. www.apprenticeship.gov.in
6. www.apprenticeshipindia.org
7. www.ncvtmis.gov.in

नोट–इस विवरणी में समय–समय पर अपेक्षित संषोधन किये जा सकते हैं। संषोधित विवरणी वेबसाइटः www.vpputtarakhand.in पर उपलब्ध होगी।











# कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग

प्रशिक्षण प्रखण्ड,

व्यावसायिक परीक्षा परिषद, देहरादून उत्तराखण्ड